Bareilly, Sunday,
22 February 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण

PAGE NO. IV: MIDDLE

सीईटी चैंपियन, एसआरएमएस रनिंग क्रिकेट कप सीजन का समापन

बरेली : एसआरएमएस ट्रस्ट इंस्टीट्यूशंस रनिंग क्रिकेट कप 2026 (सीजन 3) के रोमांचक फाइनल में सीईटी (कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी) ने पिछले वर्ष की विजेता आइपीएस (इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल) को 5 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्राफी पर कब्जा कर लिया। श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में 17 से 20 फरवरी तक चले इस टूर्नामेंट में सीईटी की टीम पूरे सफर में अपराजेय रही। डे-नाइट फाइनल मैच में आइपीएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.2 ओवर में 90 रन बनाए। जवाब में सीईटी ने 18 ओवर में 5 विकेट खोकर 94 रन बना लिए और जीत हासिल की। सीईटी के आलराउंडर आदित्य को उनके शानदार प्रदर्शन (23 रन और 2 विकेट) के लिए 'मैन आफ द मैच' और पूरे टूर्नामेंट में 109 रन व 9 विकेट लेने के लिए 'मैन आफ द टूर्नामेंट' चुना गया। वहीं, बेस्ट बालर सीईटी के सूर्य प्रताप सिंह (4 मैचों में 9 विकेट) बने।

पुरस्कार वितरण समारोह में आइएमएस के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला और अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। (वि.)